प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार...

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- भारत सबसे बड़े अवसरों वाला देश।
- मुख्यमंत्री ने 27 सितंबर को सागर में होने वाली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को बताया बुंदेलखंड की समृद्धि का मील का पत्थर।
- आज से प्रदेश में भी शुरू होगा 7वां राष्ट्रीय पोषण माह, आयोजित होंगे जागरूकता कार्यक्रम।
- पेरिस पैरालम्पिक में राज्य खेल अकादमी की शूटिंग खिलाड़ी रूबीना फ्रांसिस ने कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास।

-----------------------------------------

पीएम-ईटी वर्ल्ड लीडर्स □ोरम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत सबसे बड़े अवसरों वाला देश है। उन्होंने देश में कारोबारी सुविधा, सुधार, स्थिर नीतिगत व्यवस्था और उच्च वृद्धि दर का वायदा भी किया है। श्री मोदी ने कल इकनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स □ोरम में निवेशकों से नवाचार, श्रेष्ठ निष्पादन, सकारात्मक पहल और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत मज़बूत इरादों, उम्मीदों और विश्वास के साथ की है।

श्री मोदी ने कहा कि इस वर्ष के चुनावों में अधिकांश देशों में लोगों ने बदलाव के लिए मतदान किया है, लेकिन भारतीयों ने निरंतरता, राजनीतिक स्थिरता और आर्थिक विकास को प्राथमिकता दी है। श्री मोदी ने कहा कि नव-मध्य वर्ग देश की प्रगति को आगे बढ़ा रहा है और बाजार की दिशा तय कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत स□लता की अनूठी गाथा लिख रहा है और विभिन्न क्षेत्रों में हुए सुधार अब अर्थव्यवस्था में परिलक्षित होने लगे हैं। प्रधानमंत्री ने भारत में पर्यटन को बढावा देने और इसे वैश्विक खाद्य केंद्र बनाने के प्रयासों की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि खाने की हर मेज पर 'मेड-इन-इंडिया' उत्पाद सुनिश्चित करना उनका संकल्प है।

-----------------------------------------

सीएम-बुंदेली समागम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 27 सितम्बर को सागर में होने जा रही रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और दुनिया की सबसे बड़ी नदी जोड़ो केन-बेतवा लिंक परियोजना बुंदेलखंड को समृद्ध बनाने का कार्य करेगी। भोपाल में आयोजित बुंदेली समागम में उन्होंने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव किसी एक जिले या संभाग में ही प्रगति का माध्यम नहीं बल्कि निकटवर्ती अंचल को सम्पन्न और समृद्ध बनाने का विशेष उपक्रम है। इससे क्षेत्र विकास के विविध आयाम हासिल करेगा। बुंदेलखंड की वीरता और शौर्य से पहचान बनी है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुंदेलखंड अंचल की विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में अभिनेता मुकेश तिवारी ने बॉलीवुड संवाद, सुमित ओरछा ने बुंदेली महिमा संवाद और बुंदेलखंड के आंचलिक लोक गायक चंद्रभान वासुदेव ने गायन प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड की गौरवशाली विरासत है। उन्होंने कहा कि बुंदेली भाषा की मिठास और सांस्कृतिक परम्पराओं की सुरभि देश-विदेश को महका रही है।

---------------------------------------

साक्षरता सप्ताह

प्रदेश में आज से साक्षरता सप्ताह मनाया जायेगा। इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग ने व्यापक तैयारियाँ की हैं। साक्षरता सप्ताह के दौरान सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों और महाविद्यालयों में साक्षरता के महत्व के बारे में जानकारी दी जायेगी। प्रदेशभर में 2 सितम्बर को साक्षरता रैली आयोजित की जायेगी। रैली में विद्यालय, महाविद्यालय, नेहरू युवा केन्द्र, जन-अभियान परिषद, अक्षर साथियों, शिक्षकों, स्वयंसेवी संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। तीन सितम्बर को सर्वे कार्य किया जायेगा। सर्वे के दौरान यदि किसी घर में सभी सदस्य साक्षर हैं, तो इसका प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा। साक्षर होने की स्थिति में घर के बाहर "सम्पूर्ण साक्षर परिवार'लिखा जायेगा। निर्देश में यह भी कहा गया है कि अक्षर साथी के घर की बाहरी दीवार पर "अक्षर साथी निवास' लिखा जायेगा। प्रत्येक शिक्षक की जवाबदारी तय की गई है कि वे छात्र-छात्राओं से समूह बनाकर कम से कम 5 घरों में साक्षरता संबंधी जानकारी एकत्र करें। साक्षरता सप्ताह के अंतिम दिन अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर जिला, विकासखण्ड, संकुल एवं ग्राम स्तर पर साक्षरता पर केन्द्रित कार्यक्रम होंगे।

---------------------------------------

पोषण माह

प्रदेश में भी आज से 7वां राष्ट्रीय पोषण माह शुरू हो रहा है। पोषण माह का आयोजन हर साल सितंबर महीने में किया जाता है, इस दौरान पोषण से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पोषण माह के ज़रिए, पोषण से जुड़ी जागरूकता बढ़ाई जाती है और पोषण से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए प्रयास किए जाते हैं। लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए समुदाय के लोगों, पंचायत सदस्यों, जन प्रतिनिधियों और अन्य विभागों के साथ मिलकर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कटनी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास के निर्देशानुसार कल से ही जिले में पोषण माह चार प्रमुख थीम पूरक आहार एवं खाद्य विविधता पर जागरूकता, वृद्वि निगरानी, पोषण भी पढाई भी और एनीमिया जाँच एवं रोकथाम की थीम पर शुरू हुआ। उधर इंदौर जिले में कल सभी एक हजार 839 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर चार हजार से अधिक वृक्षारोपण हुआ। अभियान के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पोषण के साथ पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। मुरैना जिले की सभी आंगनबाड़ियों में भी कल पौधारोपण किया गया। उधर सतना  जिले की सभी 2 हजार 54 आंगनवाडी केन्द्रों एवं परियोजना व जिला स्तर पर पोषण माह का आयोजन किया जायेगा।

-----------------------------------------

पीएम रूबिना बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस पैरालंपिक खेलों में रूबिना फ्रांसिस को महिला दस मीटर एयर पिस्टल एस एच-1 में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह देश के लिए गर्व का एक और क्षण है। प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भी रूबीना को बधाई देते हुये कहा कि रूबीना प्रदेश के लिए नई रोल मॉडल बन गई है। गौरतलब है कि राज्य खेल अकादमी की खिलाड़ी रूबीना जबलपुर की रहने वाली हैं। वे वर्ष 2015 में राज्य खेल अकादमी से जुड़ी थी। यह रूबीना का दूसरा ओलम्पिक है, इससे पूर्व टोक्यो ओलम्पिक में पदक से वंचित हो गई थी। रूबीना ने लगातार वर्ष 2017 और 18 में 02 बार जूनियर रिकार्ड बनाया है और 01 बार वर्ष 2018 फ्रांस में वर्ल्ड रिकार्ड की बराबरी की थी। रूबीना फ्रांसिस ने 10 अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अब तक  03 स्वर्ण, 02 रजत और 01 कांस्य सहित कुल 06 पदक अर्जित किये हैं। वही राष्ट्रीय स्तर पर भी 13 स्वर्ण, 03 रजत और 01 कांस्य सहित 17 पदक अर्जित कर प्रदेश का गौरव बढाया है।

-----------------------------------------

विश्व कौशल प्रतियोगिता

फ्रांस के लियोन में होने जा रही विश्व कौशल प्रतियोगिता में 60 भारतीय प्रतिभागी 61 प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री श्री जयंत चौधरी 6 सितंबर को भारतीय दल को रवाना करेंगे। मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने कहा कि भारतीय दल में शामिल प्रतिभागियों को विशेषज्ञों से प्रशिक्षण प्राप्त है।

-----------------------------------------

संक्षिप्त समाचार

अब कुछ समाचार संक्षेप में...

-केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज विदिशा जिले में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

- धार में कल केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा में कहा कि केंद्र सरकार की सभी योजनाओं में ज़िले की उपलब्धि सौ प्रतिशत हो, ऐसे प्रयास किए जाएं।

-आगरमालवा जिले के सुसनेर स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कल करियर काउंसलिंग योजना के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया।

-इंदौर जिले में 'हर ग्राम रोजगार' अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में उद्योग लगाने के लिये 145 युवाओं को 8 करोड़ रूपये से अधिक का ऋण दिया गया है।

-आगरमालवा में कल विमुक्ति दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट कार्यालय में समाज की व्यवस्था पर प्रकाश डाला और विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। राजगढ में भी कल विमुक्ति दिवस मनाया गया।

- पन्ना जिले में कल विमुक्ति दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु जनजाति से संबंधित जिला स्तरीय कार्यक्रम और संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

-कटनी जिले में आज से साक्षरता सप्ताह मनाया जायेगा। जिसमें सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों और महाविद्यालयों में साक्षरता के महत्व के बारे में जानकारी दी जायेगी।

-इंदौर नगर निगम के वार्ड 83 के पार्षद पद के उप चुनाव के लिये नाम वापसी के अंतिम दिन एक उम्मीदवार द्वारा नाम वापस लिया गया।

------------------------------------------

अंत में मुख्य समाचार एक बार ि र...

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- भारत सबसे बड़े अवसरों वाला देश।
- मुख्यमंत्री ने 27 सितंबर को सागर में होने वाली रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को बताया बुंदेलखंड की समृद्धि का मील का पत्थर।
- आज से प्रदेश में भी शुरू होगा 7वां राष्ट्रीय पोषण माह, आयोजित होंगे जागरूकता कार्यक्रम।
- पेरिस पैरालम्पिक में राज्य खेल अकादमी की शूटिंग खिलाड़ी रूबीना फ्रांसिस ने कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास।

------------------------------------------